भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3408**

उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024
25 अग्रहायण, 1946 (शक)

## खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रस्ताव

**3408. श्री कुलदीप इंदौरा:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में एथलेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल आदि बनाने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ग) राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्रों में प्रशिक्षकों की नियुक्ति की स्थिति क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख): जी, हां। राजीव गांधी स्टेडियम, जिला हनुमानगढ़, राजस्थान में बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण नामक एक योजना को खेलो इंडिया स्कीम के तहत ₹ 3.99 करोड़ की लागत से वित्त वर्ष 2019-20 में स्वीकृत किया गया था, जो अब पूर्ण हो चुकी है।

(ग) राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का कोई भी केंद्र नहीं है। तथापि, राजस्थान के विभिन्न जिलों में साई के अन्य कार्यशील केंद्रों में 12 कोच नियुक्त किए गए हैं।

******